प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा : कहा– नारायणी और गंडक नदी की बाढ़ से बचाव के लिये सरकार ने खर्च किये हैं 6 सौ करोड़ रुपये।
2. राज्य में कांवड़ यात्रा का सिलसिला जारी : सावन के तीसरे सोमवार के मद्देनजर कांवड़ियों की जरूरी सुविधाओं और सुरक्षा के लिये किये गये हैं प्रभावी बंदोबस्त।
3. इटावा में हुए सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत, 35 लोग गंभीर रूप से घायल।

और

4. पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने ब्रिटेन को चार–दो से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश।

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कुशीनगर जिले में नारायणनी नदी के भैसहा–छितौनी तटबंध का निरीक्षण किया और बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री बांटी। बाद मं जिले के खड्डा तहसील के तुर्कहां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुशीनगर महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली होने की वजह से वैश्विक स्तर पर

खास महत्व रखता है। हर साल यहां लाखों की संख्या में सैलानी आते हैं। श्री योगी ने कहा कि कुशीनगर को अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिये सरकार ने इसका कायाकल्प कर नया स्वरूप दिया है। उन्होंने जिले में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां मेडिकल कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय और अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया गया है तथा विकास की कई परियोजनाए जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के कुशल प्रबंधन से न सिर्फ कुशीनगर, बल्कि राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी बाढ़ से लोगों को बचाया गया है। बाइट..

*प्रदेश में समय पर बाढ़ से बचाव के उपाय प्रारम्भ करने का परिणाम " जनधन की हानि को रोकने में मदद मिली है। अकेले कुशीनगर जनपद के अन्दर वाराणसी और गंडक नदी अन्य सहायक नदियों पर भी बाढ़ बचाव के जो कार्य हुए है। इन पर लगभग छह सौ करोड़ रुपये खर्च करके पिछले सात वर्ष के अन्दर बाढ़ बचाओं के प्रभावी उपाय किये गये, जिससे न केवल हजारों हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव करने में मदद मिली अपितु तीन लाख से अधिक आबादी को बाढ़ से बचाने में भी मदद मिली और आज इसी का परिणाम है कि न केवल हम लोग यहां पर सुरक्षित है, निश्चित है बल्कि प्रदेश के अन्य जनपदों में भी इस पर कार्य हुआ है।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर

किया जाये। श्री योगी ने जनता दर्शन में इलाज के लिये आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से कहा कि बीमारियों के इलाज के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इलाज के लिये आर्थिक मदद चाहने वाले जरूरतमंदों के इस्टीमेट की प्रक्रिया जल्द पूरी कराकर शासन को भेजें, ताकि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिये जरूरी धनराशि मुहैया कराई जा सके। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने का निर्देश भी दिया।

———————

सर्वोच्च अदालत द्वारा हाल ही में दिये गये अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले का बहुजन समाज पार्टी ने विरोध किया है। आज लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी तरह के वर्गीकरण के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि सरकारे मनचाही जातियों को आरक्षण देने का काम करेगी, जिससे असंतोष होगा। इस तरह से केन्द्र और राज्य सरकारों में मतभेद होगा और आरक्षण में वर्गीकरण का मतलब आरक्षण को समाप्त करके इसे सामान्य वर्ग को आरक्षण देने जैसा होगा।

———————

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने गरीब बच्चों की शिक्षा में मदद करने और नैतिकता परक शिक्षा देने पर जोर दिया है। श्रीमती पटेल ने आज गौतमबुद्धनगर में एक निजी शैक्षिक संस्था के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे संस्थाओं को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये। राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे संस्थाओं से दूर–दराज इलाकों में कॉलेज और विश्वविद्यालय खोलने का आग्रह भी किया।

उधर, गाजियाबाद में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में श्रीमती पटेल ने देश के पहले आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित आंगनबाड़ी केन्द्र का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट भी प्रदान की।

———————————

भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल आज अयोध्या जिला चिकित्सालय में सामूहिक दुराचार से प्रभावित पीड़िता से मिली। बाद में प्रतिनिधिमंडल के सदस्य नरेन्द्र कश्यप ने अपराध को अमानवीय बताते हुए समाजवादी पार्टी की इस बात की निंदा की कि वे आरोपियों के साथ खड़ी है। उधर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भदरसा कस्बे पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस जघन्य कृत्य करने वाले

व्यक्ति के खिलाफ राज्य सरकार की कठोर कार्रवाई स्वागत योग्य है। साध्वी निरंजन ज्योति ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव क इस मामले में डीएनए टेस्ट कराने वाले बयान को शर्मनाक बताया।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

प्रदेश में कांवड़ यात्रा का सिलसिला जारी है। कावंड़िये विभिन्न जनपदों से प्रदेश के प्रमुख शिवालयों में दर्शन–पूजन और जलाभिषेक के लिये जाते हैं। सावन के तीसरे सोमवार पर कावंड़ियों की भीड़ के मद्‌देनजर अमराहा में आज दोपहर से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद दिया गया है। यह प्रतिबंध कल

सुबह तक जारी रहेगा। वहां के अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि प्रतिबंध के दौरान सभी वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से गुजारा जायेगा। उधर, बाराबंकी में लोधेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। भारी भीड़ को देखते हुए जिला पशासन ने जरूरी व्यवस्थाओं के साथ–साथ सुरक्षा के प्रभावी बंदोबस्त किये हैं। और ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से.....

*श्रावण मास के दौरान शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है, विशेषकर रामनगर के पौराणिक लोधेश्वर महादेव मंदिर और ऐतिहासिक अवशानेश्वर महादेव मंदिर में तो लाखों की संख्या में कावंडियों और श्रद्धालुओं की आमद हो रही है, ऐसे में उन्हें सुविधाएँ मुहैया कराने और उनकी सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक प्रबंध किए गए है। ज़िलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मंदिर और मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों को सुव्यवस्थित किया जाये। मेला परिसर में और कांवड़ियों के आने वाले मार्गों पर क़ानून व्यवस्था चाक चौबंद की जाये। ज्ञातव है कि महादेव मंदिर में आस पास के जनपदों से लाखों की संख्या में कांवड़िये जलाभिषेक करने यहाँ पहुँचते हैं, मंदिर के पुजारियों ने आज से ही भारी भीड़ पहुँचने के कारण देर रात से ही मंदिर के द्वार खोले जाने का प्रबंध किया है। परवेज अहमद, आकाशवाणी समाचार, बाराबंकी।*

————————————

इटावा जिले में एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और 35 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। यह हादसा कल देर रात जिले के ऊसराहार इलाके में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर उस समय हुआ, जब रायबरेली से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस कार से टकराकर गहरे गढ्ढे में जा गिरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

संजय कुमार ने बताया कि घायलों को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों का समुचित इलाज कराने के निर्देश भी दिये।

—————————

सहारनपुर में आज एक पैंसेंजर ट्रेन की दो बोगियां पटरी से उतर गइं। हालांकि कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। दिल्ली से आई रेलगाड़ी रेलवे स्टेशन से धुलाई के लिये वाशिंग–लाइन ले जाई जा रही थी और इसमें कोई यात्री मौजूद नहीं था। बोगियों को पटरी पर लाने के लिये युद्धस्तर पर काम जारी है।

—————————

पेरिस ओलंपिक्स में आज भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने ब्रिटेन को पनाल्टी शूटऑउट में चार–दो से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कप्तान हरमन प्रीत सिंह, ललित उपाध्याय, सुखजीत सिंह, राजकुमार पाल और गोलकीपर श्रीजेश ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन से वाराणसी के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। वे काशी के रहने वाले ललित उपाध्याय के शानदार प्रदर्शन से खास खुश नजर

आ रहा है और स्थानीय खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी सोशल मीडिया के जरिये भारतीय टीम को बधाई दे रही है।

————————————

आगरा में अतंर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारम्भ आज प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया। धनपत राय सचदेवा की स्मृति में हा रही यह अतंर्राष्ट्रोय प्रतियोगिता 11 अगस्त तक जारी रहेगी। आयोजक कैप्टन धवल सचदेवा ने बताया कि इस शतरंज प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के एक हजार से ज्यादा शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

(समाप्त)